उ०प्र० राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ(रजि०)

मुख्यालय : 127/603 ए, जूही बारादेवी, कानपुर – 208014

Email : upnhmcea2016@gmail.com

प्रदेश अध्यक्ष
डा0 मयंक प्रताप सिंह, 9457578383

प्रदेश महामन्त्री
आदित्य भारती, 9936519544

पत्रांक– UPNHM संघ/संविदा कार्मिक/आन्दोलन–घेराव/प्रेस नोट/2024–25/298 दिनांक– 07.08.2024

–: प्रेस नोट :–

एन.एच.एम. संगठन की 14 मांगों पर बनी सहमति

उ0प्र0राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ(रजि0) द्वारा अपनी 15 सूत्रीय जायज मांगों को पूरा किये जाने हेतु आज मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यालय का घेराव किया गया, जिसमें प्रदेश भर के लगभग 10000 संविदा कर्मचारी मिशन निदेशक कार्यालय के घेराव में शामिल हुये। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधिमण्डल से मिशन निदेशक एनएचएम के साथ हुई वार्ता में कुल 14 मांगों पर बनी सहमति–

1. माह अगस्त में ही **म्यूचुअल ट्रांसफर** पोर्टल के माध्यम से शुरू किया जायेगा। इसके बाद **रिक्त पदों** पर स्थानान्तरण में सर्वप्रथम महिलाओं को वरीयता देते हुये उनका ट्रांसफर किया जायेगा।
2. **वेतन विसंगति** के निस्तारण हेतु कमेटी बनाकर संगठन के प्रतिनिधि को भी शामिल करते हुये उनसे भी सुझाव लेकर इसी सत्र में वेतन विसंगति का निस्तारण किया जायेगा।
3. **DA** के लिये केन्द्र सरकार को पत्र लिखा जायेगा एवं **EPF**, हेतु पत्राचार केन्द्र सरकार को कर दिया गया है बजट का आवंटन होने पर सभी के लिये लागू किया जायेगा।
4. शेष 35 जनपदों के **MCTS डाटा ऑपॅरेटर** को शीघ्र ही कमेटी बनाकर जिला स्वास्थ्य समिति से अनुबन्धित किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।
5. **CHO** की **पी0बी0आई0** का रू0 **8000 उनके वेतन में जोड़े जाने** पर सहमति बनी एवं यह भी सहमति बनी कि उक्त कार्य पूर्ण होने तक डीम्ड व्यवस्था लागू कर दी जायेगी जिसमें प्रत्येक माह सीएचओ के द्वारा पीबीआई दर्ज करने के उपरान्त यदि 3 दिन के अन्दर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा अप्रूवल नहीं दिया गया तो 3 दिन उपरान्त पीबीआई स्वतः अप्रूव हो जायेगी।
6. संविदा कर्मचारियों के लिये भी **HRA** की व्यवस्था होने तक यदि सरकारी आवास खाली है तो उक्त को संविदा कर्मचारी को दिये जाने सम्बन्धी पत्र जनपदों को जारी किया जायेगा।
7. **कोविड–19 कर्मचारियों** का अभी तक जिला स्तर पर समायोजित न किये जाने को लेकर समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पुनः पत्र जारी कर इसका कारण पूछा जायेगा और सभी का समायोजन जिलास्तर से ही कराया जायेगा।
8. नियमित पदो के सापेक्ष होने वाली भर्ती प्रक्रिया **भारांक/वरीयता** दिया जाने हेतु पत्र जारी किया जायेगा।
9. **ANM, RBSK** पैरामडिकल कर्मचारी, **काउन्सलर व फार्मासिस्ट** के साथ–साथ अन्य जो संविदा कर्मचारी रू0 20,000 के मासिक मानदेय से कम पा रहे हैं उनके मानदेय वृद्धि की बनी सहमति।
10. प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना (**PMMVY**) की 3 वर्ष से लम्बित प्रोत्साहन राशि का भुगतान अगस्त माह में ही कर दिया जायेगा।
11. **बीपीएमयू व डीपीएमयू** की वेतन विसंगति के लिये प्रबन्धन इकाई के सभी पदों की वेतन का समीक्षा की जायेगी यदि विसंगति है तो उसका निस्तारण किया जायेगा।
12. **टी0बी0 कर्मचारियों** हेतु **पेट्रो कार्ड** जारी करने के लिये सहमति दी।
13. शेष 27 नर्स मेण्टर को पीएचएन ट्यूटर के पद पर समायोजन किये जाने के लिये आश्वासन दिया।

14. जनपद ललितपुर,जालौन,फिरोजाबाद,फर्रूखाबाद व गौतमबुद्धनगर) में NCD के तहत कार्यरत FLC व अन्य NCD कर्मचारियों के 3 वर्ष से लम्बित वेतन वृद्धि न दिये जाने हेतु उक्त जिलों को पत्र जारी कर समाधान कराया जायेगा।

उपरोक्त मांगो पर सहमति उपरान्त विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। उक्त वार्ता में संगठन प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष मयंक ठाकुर, महामंत्री आदित्य भारती, उपाध्यक्ष रविन्द्र राठी, सीएचओ संगम गौतम, रविन्द्र शुक्ला, जावेद खान, डा0 अमन, यज्ञेश पाण्डेय, के.बी.चतुर्वेदी व एएनएम संयोगिता धाकेर शामिल थे।

(मयंक ठाकुर)
अध्यक्ष